6 यू.पी गर्ल्स बटालियन की इकाई सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट निरंतर तीन वर्षों से ''स्वच्छता ही सेवा'' पर कार्य कर रहे हैं। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दिनांक 25.09.2018 को गुरू गोविन्द सिंह पार्क मीरापुर गोल चौराहा में सफाई करके जन–जन को संदेश दिया। जितना हम इसे स्वच्छ रखेंगें उतना ही यह सुकून और शांति देगा। स्वच्छता हमारे मन–वचन और कर्म में होने पर ही हम अपने अभियान में पूर्णतया सफल साबित होंगे। आम नागरिकों को स्वच्छता करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह, एन.सी.सी. ऑफीसर कैप्टन डॉ. रेखा रानी, 6 यू.पी गर्ल्स का स्टाफ दीपक क्षत्रे भी मौजूद रहे।